वानिकी महाविद्यालय, दापोली (महाराष्ट्र) के वानिकी विद्यार्थियों की संस्थान में शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट

Report on the Educational Tour of B.Sc. Forestry (IV Year) Students from College of Forestry, Dapoli, Maharashtra to the Institute

वानिकी महाविद्यालय, दापोली (महाराष्ट्र) के वानिकी स्नातक (चतुर्थ बर्ष) विषय के 27 विद्यार्थियों के समूह ने 17 जनवरी, 2025 को भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का दौरा किया। श्रीमति शिल्पा, मुख्य तकनीकी अधिकारी द्वारा उन्हें पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी, विस्तार गतिविधियों एवं वर्तमान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों/विविध परियोजनाओं के बारे में अवगत करवाया। डॉ॰ वनीत जिश्टु, प्रभाग प्रमुख विस्तार ने उत्तर पश्चिमी हिमालय की वनस्पति के बारे में व्यख्यान दिया। डॉ॰ जोगिंदर सिंह चौहान ने मिशन लाइफ के बारे में जानकारी सांझा की। संस्थान के निदेशक डॉ॰ संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय वानिकी एवं अनुसंधान परिषद के कार्यों के बारे में संक्षेप में बताया तथा पर्यावरण एवं वानिकी विषय में सेवा क्षेत्र के बारे में मार्गदर्शन किया। उसके बाद विद्यार्थियों का प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र में भ्रमण भी करवाया गया तथा वहाँ पर संस्थान द्वारा प्रदर्शित विकसित तकनीक एवम उत्पाद की जानकारी सांझा की गई । इसके अलावा वहाँ प्रदर्शित औषधियों पौधों के सेंपल की पहचान की व्यवाहरिक जानकारी दी गयी तथा उपयोग के बारे में भी बताया गया। # मिशन लाइफ

भा.वा.अ.शि.प. - हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
में आपका स्वागत है

****